चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/प्रयो0/613
दिनांक : 10/04/2023

अति आवश्यक/सर्वोच्च प्राथमिकता

विज्ञप्ति

विषय : परम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2022 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं के अंक पोर्टल पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय द्वारा विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2022 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें ससमय सम्पन्न कराये जाने हेतु पराम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के परीक्षकों के पैनल लगभग डेढ़ माह पूर्व प्रेषित किये जा चुके हैं किन्तु अधिकतम महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा दिसम्बर–2022 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षायें सम्पन्न कराकर अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड नहीं किये गये हैं।

उल्लेखनीय है कि अधिकांश सेमेस्टर का मूल्यांकन समाप्त हो चुका है किन्तु प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षाओं के अंकों के अभाव में परीक्षाफल घोषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

अतः ऐसे महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक जिनके द्वारा प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर अभी तक अपलोड नहीं किये गये हैं, से अनुरोध है **03 दिवस के अन्दर अंक अपलोड कर** परम्परागत पाठ्यक्रमों के अंकपर्ण की दो प्रतियां (कुलसचिव प्रति एवं टैबुलेटर प्रति) खिड़की नं0–40 एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अंकपर्ण की दो प्रतियां कमरा नं0–308 में उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि परीक्षाफल घोषित किया जा सके।

10/04/2023
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
3. सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. आउट सोर्स कम्पनी मस्कॉट सोफटवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0 एवं मैसर्स एन0आई0पी0एल0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
6. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)